दैनिक भास्कर 16/04/2023

# जीएमएन कॉलेज में प्रोफेशनल डेवलपमेंट कार्यक्रम कराया

**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने गैर-शिक्षक स्टाफ के कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रोफ़ेशनल डेवलपमेंट कार्यक्रम कराया। कंप्यूटर विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर व ईआरपी सॉफ्टवेयर के विशेषज्ञ डॉ. सुरजीत सिंह की तरफ से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सॉफ्टवेयर के विभिन्न मॉड्यूलों का उपयोग सिखाना था। मौके पर विभिन्न विभागों से गैर-शिक्षक स्टाफ ने भाग लिया। डॉ. सुरजीत सिंह ने कार्यक्रम शुरू किया और ईआरपी सॉफ्टवेयर व डिजिटल दुनिया में इसके महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने इस सॉफ्टवेयर के विभिन्न मॉड्यूलों जैसे छुट्टी, प्रबंधन प्रणाली, प्रोफाइल संपादन और वेतन पर्चे आदि का विवरण दिया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने विभाग की इस गतिविधि की सराहना की।